# <u>रसायनशास्त्र विभाग</u>

## <u>अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम</u>

एमएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर (रसायनशास्त्र) के छात्राओं हेतु दिनांक 11/12/2024 को "मेटल आयन्स इन बायोलॉजिकल प्रोसेस" पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया।

**कार्यक्रम की तिथि: 11/12/2024**

**अतिथि वक्ता: डॉक्टर चंदा वर्मा**, सहायक प्राध्यापक, रसायनशास्त्र, सेंट थॉमस महाविद्यालय, भिलाई छत्तीसगढ़

**कार्यक्रम का उद्देश्य:** छात्राओं को मेटल आयन्स इन बायोलॉजीकल प्रोसेस, फंक्शंस एंड इंर्पोटेंस की जानकारी देना रहा है।

**कार्यक्रम विवरण:** दिनांक 11 /12/ 2024 को एमएससी प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं के लिए अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। डॉक्टर चंदा वर्मा, सहायक प्राध्यापक, रसायन शास्त्र द्वारा छात्राओं को बायोलॉजीकल प्रोसेस में भाग लेने वाले विभिन्न धातु आयन्स, उनके कार्य, धातुओं के कमी या अधिकता से उत्पन्न होने वाले विभिन्न रोगों की जानकारी प्रदान की।

**परिणाम:** कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को प्राप्त ज्ञान अपने संबंधित विषय में जानकारी के साथ-साथ दैनिक जीवन में भी प्रभावकारी होगा।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एमएससी रसायन, प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के अतिरिक्त बीएससी की छात्राएं उपस्थित थीं । छात्राओं ने अतिथि वक्ता से प्रश्न पूछ कर अपनी शंकाओं का समाधान किया। कार्यक्रम में 20 छात्राओं ने भागीदारी दी।







METAL IONS IN BIOLOGICAL PROCESS
CHEMISTRY
GPS Map Camera
Dhamtari, Chhattisgarh, India
Dulari Nagar Gali No. 1, Dhamtari, Chhattisgarh
493776, India
Lat 20.679069° Long 81.559307°
11/12/24 01:49 PM GMT +05:30
Google

# गर्ल्स कॉलेज में हुआ व्याख्यानमाला



**धमतरी।** शासकीय नारायण राव मेघावाले गर्ल्स कॉलेज में मेटल आयंस इन बायोलॉजिकल प्रोसेस पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. चंदा वर्मा, सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र, सेंट थॉमस महाविद्यालय भिलाई थी। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनीता राजपुरिया ने किया। कार्यक्रम में विभाग्याध्यक्ष आकाश साहू, राजेश जांगड़े, दानेश्वर, रामचंद सोनी, मधु माधव देव एवं डॉ. सुषमा साहू उपस्थित रहे। डॉ. चंदा वर्मा ने यह बताया कि धातु आयन कैसे जैविक प्रक्रियाओं को संचालित और प्रभावित करते हैं। उन्होंने बायोलॉजी, मेडिसिन और पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र के बारे में छात्राओं को जानकारी दी। विभिन्न धातु आयन, जैसे कैल्शियम, मैग्नीशियम, जिंक, आयरन और कॉपर का शरीर में महत्वपूर्ण जैव रासायनिक प्रक्रियाओं का प्रेजेंटेशन के द्वारा छात्राओं को अवगत कराया कि ये आयन एंजाइमों की सक्रियता, कोशिकीय सिग्नलिंग, और डीएनए संश्लेषण जैसी प्रक्रियाओं में अहम भूमिका निभाते हैं। इन्होने यह स्पष्ट किया है कि इन धातु आयनों की कमी या अधिकता कई प्रकार की बीमारियों को जन्म दे सकती है। एंजाइम की ताला चाबी परिकल्पना को समझाते हुए बताया किस तरह एंजाइम और सब्सट्रेट एक दूसरे से इंटरैक्ट करते हैं। ड्रग के संघटन की हमें जानकारी होनी चाहिए। हीमोग्लोबिन तथा मायोग्लोबिन की संरचना, कार्य तथा उनके कार्यों में अंतर के बारे में छात्राओं को अवगत करवाया। हीमोग्लोबिन संरचना को विस्तृत रूप से बताते हुए कहा की हिस्टीडीन में उपस्थित नाइट्रोजन, ऑक्सीजन के साथ बंध निर्माण में भागीदारी लेता है।

धातु आयनों का प्रभाव न केवल मानव शरीर पर, बल्कि पर्यावरणीय प्रक्रियाओं पर भी पड़ता है। स्पष्टतः धातु आयन जैविक और पर्यावरणीय दोनों प्रक्रियाओं में एक केंद्रीय भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम का संचालन एमएससी, रसायन की छात्रा विद्या सिन्हा ने तथा आभार व्यक्त गीतांजली टंडन ने किया।

# मेटल आयंस इन बायोलॉजिकल प्रोसेस पर हुई व्याख्यानमाला



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में मेटल आयंस इन बायोलॉजिकल प्रोसेस पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ.चंदा वर्मा सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र सेंट थॉमस महाविद्यालय भिलाई थीं। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनीता राजपुरिया ने की। कार्यक्रम में विभागाध्यक्ष आकाश साहू, राजेश जांगड़े, दानेश्वर, रामचंद सोनी, मधुमाधव देव एवं डॉ सुषमा साहू उपस्थित थे।

डॉ. वर्मा ने बताया कि धातु आयन कैसे जैविक प्रक्रियाओं को संचालित और प्रभावित करते हैं। उन्होंने बायोलॉजी मेडिसीन और पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र के बारे में छात्राओं को जानकारी दी। विभिन्न धातु आयन जैसे कैल्शियम, मैग्नीशियम, जिंक, आयरन और कॉपर का शरीर में महत्वपूर्ण जैव रासायनिक प्रक्रियाओं का प्रेजेंटेशन से छात्राओं को अवगत कराया। बताया कि ये आयन एंजाइमों की सक्रियता कोशिकीय सग्निलिंग और डीएनए संश्लेषण जैसी प्रक्रियाओं में अहम भूमिका निभाते हैं। एंजाइम की ताला चाबी परिकल्पना को समझाते हुए बताया किस तरह एंजाइम और सब्सट्रेट एक दूसरे से इंटरैक्ट करते हैं। ड्रग के संघटन की हमें जानकारी होनी चाहिए। कार्यक्रम का संचालन एमएससी रसायन की छात्रा विद्या सिन्हा तथा आभार व्यक्त गीतांजलि टंडन ने किया।

OFFICE OF THE PRINCIPAL
Govt. Narayan Rao Meghawale Girls' College Dhamtari, (C.G)
www.nrmggcdhamtari.com / E-mail: girlscollegedhamtari@yahoo.com, / Ph: 07722-296487

**NAAC Grade – 'B'**

L.N./..533.../2024

Dhamtari, Date 29-11-2024

To,

Dr. Chanda Verma
Assistant Professor
St. Thomas College
Bhilai (C.G.)

**Subject :-** **An invitation to appear as guest lecture.**

***********

Respectfully,

We cordially invite you to our institution to share your knowledge and guidance with our students. The Department of Chemistry is organizing a one-day Invitee Lecture on **'Metal ion in Biological process'** on December 11, 2024 at 1:00 PM. We would be honored to have you as our Guest Speaker. Your gracious presence at our institution would be greatly appreciated.

(Mr. Akash Sahu)
H.O.D
Department of Chemistry

(Dr. Anita Rajpuria)
Principal
प्राचार्य
शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय
धमतरी (छ.ग.)

धमतरी, दिनांक 30.11.2023

## //सूचना//

महाविद्यालय में अध्ययनरत एम.एस.सी. रसायनशास्त्र एवं बी.एस.सी. अंतिम वर्ष की छात्राओं को सूचित किया जाता है कि दिनांक 01.12.2023 को कक्ष क्रमांक 09 में रसायनशास्त्र विषय में व्याख्यान आयोजित की गई है।

अतः छात्रायें कक्ष क्रमांक 09 में समय दोपहर 01.00 बजे उपस्थित रहें।

30/11/2023 30/11/2023

30/11/23
प्राचार्य
शास. एन.आर.एम. कन्या महाविद्यालय
धमतरी (छ.ग.)

<u>**विभागीय संगोष्ठी**</u>

एम. एस. सी. तृतीय सेमेस्टर

**दिनाक-** **12/12/2024**

**कर्यक्रम का उद्देश्य:** एम. एस. सी. रसायन शास्त्र तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं की आंतरिक मूल्यांकन के अंतर्गत सेमिनार, कक्षा जाँच एवम कक्षाओं में छात्राओं की उपस्थिति पर निर्धारित है। अतः नियमानुसार आंतरिक मूल्यांकन के अंतर्गत सेमिनार का आयोजन उद्देश्य की पूर्ति हेतु किया गया है।

- सेमिनार के माध्यम से छात्राओं का संबंधित विषय का प्रस्तुतिकरण, लेखन अभ्यास की कला को बढ़ावा देना उद्देश्य है।
- छात्राओं में अध्यापन की पद्धति द्वारा विषय के प्रति अभिरुचि में नवीन ज्ञान के माध्यम से वृद्धि करना, मंच पर वक्तव्य देने को लेकर उत्पन्न भय को दूर करना इस कर्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।

**सेमिनार के तकनीकी सत्र**: 11 छात्राओं द्वारा संबंधित विषय पर वाचन किया गया जिससे छात्राओं के आत्मविश्वास तथा विषय प्रस्तुतिकरण की कला में सुधार आया।







# <u>विभागीय संगोष्ठी</u>

एम. एस. सी. प्रथम सेमेस्टर

**दिनाक- 14/12/2024**

**कर्यक्रम का उद्देश्य:** एम. एस. सी. रसायन शास्त्र तृतीय सेमेस्टर की छात्राओं की आंतरिक मूल्यांकन के अंतर्गत सेमिनार, कक्षा जाँच एवम कक्षाओं में छात्राओं की उपस्थिति पर निर्धारित है। अत: नियमानुसार आंतरिक मूल्यांकन के अंतर्गत सेमिनार का आयोजन उद्देश्य की पूर्ति हेतु किया गया है।


- सेमिनार के माध्यम से छात्राओं का संबंधित विषय का प्रस्तुतिकरण, लेखन अभ्यास की कला को बढ़ावा देना उद्देश्य है।
- छात्राओं में अध्यापन की पद्धति द्वारा विषय के प्रति अभिरुचि में नवीन ज्ञान के माध्यम से वृद्धि करना, मंच पर वक्तव्य देने को लेकर उत्पन्न भय को दूर करना इस कर्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।

**सेमिनार के तकनीकी सत्र**: 08 छात्राओं द्वारा संबंधित विषय पर वाचन किया गया जिससे छात्राओं के आत्मविश्वास तथा विषय प्रस्तुतिकरण की कला में सुधार आया।









## <u>अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम</u>

## <u>Chemistry in Daily Life</u>

**दिनांक:** 07/02/2025

**अतिथि वक्ता:** डॉ. तुषार कांत
सहायक प्राध्यापक (रसायनशास्त्र)
शासकीय नवीन महाविद्यालय, कुआकोण्डा, दंतेवाड़ा

**कार्यक्रम का समय:** दोपहर 1:00 से 2:30 बजे

**कार्यक्रम का उद्देश्य:** दैनिक जीवन मे रसायन का उद्देश्य छात्राओं को रसायन की मूल बातो तथा इसके दैनिक जीवन मे उपयोग के बारे मे जानकारी प्रदान करना है।

**मुख्य बिंदु:** छात्राओं को रसायन की महत्ता तथा उसके दैनिक जीवन में उपयोग के बारे में जागरुक करना।

- छात्राओं को रसायन के सुरक्षित उपयोग के बारे में जानकारी प्रदान करना तथा इससे होने वाले हानिकारक प्रभाव से बचने के तरीकों को सिखाना।
- रसायन के क्षेत्र में नवाचारों को प्रोत्साहित करना तथा रसायन के क्षेत्र में अनुसंधान एवं् विकास के अवसरों के बारे में जानकारी प्रदान करना।

**कार्यक्रम का विवरण:** दिनांक 07.02.2025 को BSc सेकंड/ फाइनल वर्ष तथा MSc सेकंड/फोर्थ सेमेस्टर की छात्राओं के लिए "दैनिक जीवन में रसायन" पर अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

अतिथि वक्ता द्वारा छात्राओं को दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले विभिन्न रसायन, उनकी उपयोगिता तथा शरीर पर उनके हानिकारक प्रभाव से अवगत कराया।

**कार्यक्रम के परिणाम:** कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को रसायन की मूल बातों तथा इसके दैनिक जीवन में उपयोग के बारे में जानकारी प्राप्त हुई जिससे छात्राएं रसायन के साथ सावधानी से कार्य करेंगे।

उपरोक्त कार्यक्रम में 55 छात्राओं ने अपनी भागीदारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता विभागाध्यक्ष श्री आकाश साहू तथा आभार प्रदर्शन श्रीमती गीतांजलि टंडन ने किया।
अतिथि वक्ता को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।













दैनिक भास्कर धमतरी 10-02-2025

# गर्ल्स कॉलेज धमतरी में दैनिक जीवन में रसायन पर व्याख्यान कार्यक्रम हुआ

भास्कर न्यूज़ | धमतरी

शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या कॉलेज धमतरी में दैनिक जीवन में रसायन पर अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम हुआ। रसायन शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष आकाश साहू के नेतृत्व में कार्यक्रम हुआ। अतिथि वक्ता शासकीय नवीन कॉलेज कुआंकोंडा दंतेवाड़ा के रसायन शास्त्र सहायक प्राध्यापक डॉ. तुषार कांत थे। उन्होंने छात्राओं को रसायन की मूल बातें तथा इसके दैनिक जीवन में उपयोग के बारे में जानकारी दी।

डॉ. तुषार कांत ने दैनिक जीवन में रसायन पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से छात्राओं को यह स्पष्ट किया कि किस तरह से रसायन हमारे दैनिक जीवन के हर पहलू से जुड़ा हुआ है। उन्होंने अपने वक्तव्य में विभिन्न रासायनिक प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया। जैसे हाइड्रोजन गैस का निर्माण, ऑक्सीजन गैस आदि बनाकर दिखाया। सिगरेट व सॉफ्ट ड्रिंक में पाए जाने वाले हानिकारक पदार्थ होता है। इससे शरीर के अंगों को नुकसान होता है। उन्होंने दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले रसायन, उनके हानिकारक प्रभाव आदि को बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनीता राजपुरिया ने किया। इस अवसर पर मधु माधव देव, रामचंद सोनी, पोखराज, डॉ. जयश्री रणसिंग, डॉ. पूर्णिमा साहू, डॉ. सुषमा साहू, गीतांजली टंडन, नेहा यदु आदि उपस्थित थे।



धमतरी। छात्राओं को रसायन की जानकारी दी गई।

# रसायन से होने वाले दुष्प्रभाव की कॉलेज में दी गई जानकारी

धमतरी। शासकीय नारायणराव मेघावाले गर्ल्स कॉलेज धमतरी में दैनिक जीवन में रसायन पर अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन रसायन शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष आकाश साहू के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में डॉक्टर तुषार कांत, सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र, शासकीय नवीन कॉलेज कुआंकोन्डा दंतेवाड़ा रहे। इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को रसायन की मूल बातें तथा इसके दैनिक जीवन में उपयोग के बारे में जानकारी प्रदान करना है। डॉ. तुषार कांत ने दैनिक जीवन में रसायन पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से छात्राओं को यह स्पष्ट किया कि किस तरह से रसायन हमारे दैनिक जीवन के हर पहलू से जुड़ा हुआ है। उन्होंने अपने वक्तव्य में विभिन्न



रासायनिक प्रक्रियाओं का प्रत्यक्ष प्रदर्शन किया, जैसे हाइड्रोजन गैस का निर्माण, ऑक्सीजन गैस बनाना, आदि एवं सिगरेट तथा सॉफ्ट ड्रिंक में पाए जाने वाले हानिकारक पदार्थ पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने दैनिक जीवन में उपयोग होने वाले रसायन, उनके हानिकारक प्रभाव आदि पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अनीता राजपुरिया ने किया। कार्यक्रम में छात्राओं की अधिकाधिक उपस्थिति रही। साथ ही महाविद्यालय के प्राध्यापकों मधु माधव देव, रामचंद सोनी, पोखराज, डॉ जयश्री रणसिंग, डॉ पूर्णिमा साहू, डॉ सुषमा साहू, आदि ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन गीतांजली टंडन अतिथि व्याख्याता रसायनशास्त्र के द्वारा किया गया। मंच संचालन बीएससी फाइनल ईयर की छात्रा नेहा यदु ने किया।

## अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम
## Career in Chemistry

A guest lecture on "Career in Chemistry" was organized for M.Sc. (Chemistry) and B.Sc. students on 14/02/2025.

**Date of the Program:** 14/02/2025
**Guest Speaker:** Mr. Jagrit Kumar, Assistant Professor, Chemistry,
Government Chandu Lal Chandrakar PG College,
Patan, District-Durg
**Duration:** 1:00 pm to 2:00 pm

**Objective of the Program:** The fundamental objective of the lecture is to produce professionals with a scientific and technological profile and with a comprehensive knowledge of all areas related to Chemistry which will facilitate their entry into the further education and into the chemical industries.

- To promote an interest among students in learning chemistry.
- Enable students to acquire a knowledge of chemistry, practical skills and the approaches necessary for a wide range of professional activities.

**Description of the Program:** The guest speaker Mr. Jagrit Kumar gave speech about carrier in chemistry to the students. He told that there are a wide range of employment, opportunities available to graduates in chemistry, spanning the service and industrial sectors, including education and research.

**Outcome of the Program:** From this lecture session, students learnt about:

- A solid and balanced theoretical- practical chemical knowledge.
- To develop ability to apply their chemical knowledge to carry out scientific-technological work appropriately and resolve chemistry problems.
- A knowledge and skill base which will enable them to continue their education in more specialized areas of chemistry or in multi-disciplinary areas.
- To generate ability to perform literature researches and to keep laboratory records, produce simple scientific papers.

The program was presided over the HOD Mr. Akash Sahu. Participation of all the students and co-teachers were appreciable. A certificate related to “Guest Speaker” was given to the Mr. Jagrit Kumar by the principal of the institute.















**व्याख्यान** : रसायनशास्त्र के सहायक प्राध्यापक ने कैरियर बनाने पर दिए टिप्स

# धमतरी में कैरियर इन केमिस्ट्री पर अतिथि व्याख्यान का हुआ आयोजन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

**धमतरी.** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी में कैरियर इन केमिस्ट्री पर अतिथि व्याख्यान कार्यक्रमम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन रसायन शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष आकाश साहू के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में जागृत कुमार सहायक प्राध्यापक (रसायनशास्त्र) शासकीय चंदूलाल चन्द्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पाटन जिला दुर्ग उपस्थित थे। मुख्य वक्ता जागृत कुमार ने उदाहरणों के माध्यम से छात्राओं को रसायनशास्त्र विषय के विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा किए। उन्होंने बताया कि छात्राएं रसायनशास्त्र विषय में अनुसंधान तथा शोध कार्य करते हुए विभिन्न औद्योगिक संस्थानों में केमिस्ट के पद पर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। एमएससी रसायनशास्त्र की डिग्री प्राप्त करने के बाद नेट-सेट परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय स्तर पर सहायक प्राध्यापक के पद पर नियुक्त हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त देश के विभिन्न संस्थानों जैसे इसरो, डीआरडीओ, सीएसआईआर तथा बार्क में वैज्ञानिक बनकर देश की सेवा कर सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अनिता राजपुरिया ने की। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन अतिथि व्याख्याता गीतांजली टंडन ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक मधु माधव देव, रामचंद सोनी, डॉ सुषमा साहू सहित छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# 'रसायनशास्त्र विषय में है रोजगार के विभिन्न अवसर'



कन्या महाविद्यालय धमतरी मे कैरियर इन केमिस्ट्री पर आयोजित कार्यक्रम मे उपस्थित अतिथि व कालेज की छात्राएं। • कालेज

नईदुनिया (वि), धमतरी: शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी में कैरियर इन केमिस्ट्री पर अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन रसायन शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष आकाश साहू के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में जागृत कुमार, सहायक प्राध्यापक (रसायनशास्त्र) शासकीय चंदूलाल चन्द्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पाटन जिला-दुर्ग उपस्थित रहे। वक्ता जागृत कुमार ने उदाहरणों के माध्यम से छात्राओं को रसायनशास्त्र विषय के विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने बताया कि छात्राएं रसायनशास्त्र विषय में अनुसंधान तथा शोध कार्य करते हुए विभिन्न औद्योगिक संस्थानों में केमिस्ट के पद पर रोजगार प्राप्त कर सकते है। एमएससी रसायनशास्त्र की डिग्री प्राप्त करने के बाद नेट/सेट परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय स्तर पर सहायक प्राध्यापक के पद पर नियुक्त हो सकते है। इसके अतिरिक्त देश के विभिन्न संस्थानों जैसे इसरो, डीआरडीओ, सीएसआईआर तथा बार्क में वैज्ञानिक बनकर देश की सेवा कर सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डा अनिता राजपुरिया के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं की अधिकाधिक उपस्थिति रही। साथ ही महाविद्यालय के प्राध्यापक मधु माधव देव, रामचंद सोनी, पोखराज, डा सुषमा साहू इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन गीतांजली टंडन अतिथि व्याख्याता रसायनशास्त्र के द्वारा किया गया।

**व्याख्यान** : रसायनशास्त्र के सहायक प्राध्यापक ने कैरियर बनाने पर दिए टिप्स

# धमतरी में कैरियर इन केमिस्ट्री पर अतिथि व्याख्यान का हुआ आयोजन

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com



धमतरी. शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी में कैरियर इन केमिस्ट्री पर अतिथि व्याख्यान कार्यक्रमम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का आयोजन रसायन शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष आकाश साहू के निर्देशन में किया गया। कार्यक्रम में अतिथि वक्ता के रूप में जागृत कुमार सहायक प्राध्यापक (रसायनशास्त्र) शासकीय चंदूलाल चन्द्राकर स्नातकोत्तर महाविद्यालय, पाटन जिला दुर्ग उपस्थित थे। मुख्य वक्ता जागृत कुमार ने उदाहरणों के माध्यम से छात्राओं को रसायनशास्त्र विषय के विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा किए। उन्होंने बताया कि छात्राएं रसायनशास्त्र विषय में अनुसंधान तथा शोध कार्य करते हुए विभिन्न औद्योगिक संस्थानों में केमिस्ट के पद पर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। एमएससी रसायनशास्त्र की डिग्री प्राप्त करने के बाद नेट-सेट परीक्षा उत्तीर्ण कर महाविद्यालय स्तर पर सहायक प्राध्यापक के पद पर नियुक्त हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त देश के विभिन्न संस्थानों जैसे इसरो, डीआरडीओ, सीएसआईआर तथा बार्क में वैज्ञानिक बनकर देश की सेवा कर सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ अनिता राजपुरिया ने की। कार्यक्रम में आभार प्रदर्शन अतिथि व्याख्याता गीतांजली टंडन ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक मधु माधव देव, रामचंद सोनी, डॉ सुषमा साहू सहित छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

दैनिक भास्कर धमतरी 15-02-2025

# कन्या कॉलेज में करियर इन केमिस्ट्री पर अतिथि व्याख्यान



धमतरी। व्याख्यान के दौरान उपस्थित प्राचार्य, स्टाफ व छात्राएं।

भास्कर न्यूज | धमतरी

शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या कॉलेज धमतरी में करियर इन केमिस्ट्री पर अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम हुआ। इसका आयोजन रसायन शास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष आकाश साहू के निर्देशन में हुआ। अतिथि वक्ता शासकीय चंदूलाल चन्द्राकर स्नातकोत्तर कॉलेज पाटन दुर्ग के सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र जागृत कुमार थे।

उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से छात्राओं को रसायन शास्त्र विषय के विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की। उन्होंने बताया कि छात्राएं रसायन शास्त्र विषय में अनुसंधान तथा शोध कार्य करते हुए विभिन्न औद्योगिक संस्थानों में केमिस्ट के पद पर रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। एमएससी रसायन शास्त्र की डिग्री प्राप्त करने के बाद नेट, सेट परीक्षा उत्तीर्ण कर कॉलेज स्तर पर सहायक प्राध्यापक के पद पर नियुक्त हो सकते हैं। इसके अतिरिक्त देश के विभिन्न संस्थानों जैसे- इसरो, डीआरडीओ, सीएसआईआर तथा बार्क में वैज्ञानिक बनकर देश की सेवा कर सकते हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनिता राजपुरिया ने की। इस अवसर पर प्राध्यापक मधु माधव देव, रामचंद सोनी, पोखराज, डॉ. सुषमा साहू, गीतांजली टंडन आदि उपस्थित थे।






## <u>अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम</u>

## <u>राष्ट्रीय विज्ञान दिवस</u>

महाविद्यालय में रसायन शास्त्र विभाग द्वारा एमएससी द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं एवं प्राध्यापकों द्वारा राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025, 27 एवं 28 फरवरी को मनाया गया ।

**कार्यक्रम की तिथि: 27/02/2025 एवं 28/02/2025**

**अतिथि वक्ता: श्री राकेश सोनकर 28/02/2025,**
सहायक प्राध्यापक (रसायनशास्त्र),
संत गुरुघासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
कुरुद, जिला-धमतरी, छत्तीसगढ़

**कार्यक्रम की समयावधि: 27/02/2025, दोपहर 12:00 से 3:00 बजे**
**28/02/202, प्रातः 11:00 से दोपहर 2:00 बजे**

**कार्यक्रम का विवरण:** एमएससी (रसायनशास्त्र) द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं हेतु **27/02/2025 को पोस्टर मेकिंग तथा विज्ञान क्विज़ प्रतिगोगिता का आयोजन किया गया ।**

पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान सीमा साहू (एमएससी द्वितीय सेमेस्टर) तथा **क्विज़ प्रतिगोगिता में** प्रथम स्थान विद्या सिन्हा ((एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर) ने प्राप्त किया ।

**28/02/2025 को** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान करीना गोटा (एमएससी द्वितीय सेमेस्टर) ने प्राप्त किया ।

**व्याख्यान:** 28 फरवरी 2025 राष्ट्रीय विज्ञान दिवस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री राकेश सोनकर (सहायक प्राध्यापक), शासकीय महाविद्यालय, कुरुद रहे।
उनके द्वारा विज्ञान दिवस 2025 के थीम "विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना" पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत किया गया । उन्होंने छात्राओं को विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से अनुसंधान तथा टेक्नोलॉजी से जुड़ने एवं जूनियर रिसर्च फ़ेलो के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी । इसके अतिरिक्त नैनो टेक्नोलॉजी द्वारा पानी में घुले हुए अशुद्धियों को दूर करने एवं TIFR के बारे में छात्राओं को जानकारी दी गई ।

**परिणाम:** छात्राओं को विज्ञान दिवस कार्यक्रम के माध्यम से वैज्ञानिक शोध और विकास के लिए नई नीतियों के बारे में जानकारी दी गई जिससे उनमें टीम वर्क एवं सहयोग की भावना विकसित हो सके। कार्यक्रम से छात्राओं में नए विचारों का सृजन एवं वैज्ञानिक सोच तथा रुचि विकसित करने का प्रयास किया गया ।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अनीता राजपुरिया के द्वारा किया गया । मंच संचालन तथा अतिथियों का आभार प्रदर्शन विभागाध्यक्ष श्री आकाश साहू के द्वारा किया गया ।


GPS Map Camera
Dhamtari, Chhattisgarh, India
Dulari Nagar Gali No. 1, Dhamtari, Chhattisgarh 493776, India
Lat 20.679021° Long 81.559279°
27/02/2025 12:32 PM GMT +05:30
Google


GPS Map Camera
Dhamtari, Chhattisgarh, India
Dulari Nagar Gali No. 1, Dhamtari, Chhattisgarh 493776, India
Lat 20.678978° Long 81.559413°
27/02/2025 11:58 AM GMT +05:30
Google




Poster Making
&
Quiz Competition




GPS Map Camera
Dhamtari, Chhattisgarh, India
Dulari Nagar Gali No. 1, Dhamtari, Chhattisgarh 493776, India
Lat 20.678921° Long 81.559534°
28/02/2025 12:21 PM GMT +05:30
Google

**दैनिक भास्कर** धमतरी 04-03-2025

**प्रतियोगिता** • शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या कॉलेज में 28 फरवरी को मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

# पोस्टर मेकिंग में सीमा और भाषण स्पर्धा में करीना प्रथम

भास्कर न्यूज | धमतरी

शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या कॉलेज के रसायन शास्त्र विभाग द्वारा 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया। मुख्य अतिथि कार्यक्रम में संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर कॉलेज कुरूद के सहायक प्राध्यापक राकेश सोनकर थे। एमएससी रसायनशास्त्र के द्वितीय तथा चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं के मध्य पोस्टर मैकिंग, क्विज तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में प्रथम सीमा साहू एमएससी द्वितीय सेमेस्टर, क्विज प्रतियोगिता में प्रथम विद्या सिन्हा एमएससी चतुर्थ सेमेस्टर तथा भाषण प्रतियोगिता में प्रथम करीना गोटा एमएससी द्वितीय सेमेस्टर ने प्राप्त किया। राकेश सोनकर ने छात्राओं को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2025 की थीम 'विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना' के बारे में बताया। वैश्विक अनुसंधान में भारत की भूमिका के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। बताया कि किस तरह से नैनोटेक्नोलॉजी द्वारा मार्केट में मिलने वाले पानी बोतल से घुले प्लास्टिक को हटाया जा सकता है। उनके द्वारा एमएससी केमिस्ट्री की छात्राओं को करियर मार्गदर्शन देकर टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च परीक्षा तथा राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. अनीता राजपुरिया तथा मंच संचालन एवं अतिथियों का आभार विभागाध्यक्ष आकाशा साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक मधु माधव देव, राजेश जांगड़े, पोखराज साहू, डॉ. सुषमा साहू, गीतांजली टंडन समेत बड़ी संख्या में छात्रा उपस्थित रही।



धमतरी। प्रतिभागी विद्यार्थियों ने पेंटिंग बनाकर प्रदर्शित किया।
















# <u>अतिथि व्याख्यान कार्यक्रम</u>
## <u>करिअर मार्गदर्शन (NSDC)</u>

**कार्यक्रम की तिथि: 28/02/2025**

**अतिथि वक्ता: श्री पी एन देवांगन, जिला समन्वयक**, धमतरी, छत्तीसगढ़

**कार्यक्रम का समय: 1:30 to 2:30 PM**
**कार्यक्रम का उद्देश्य:** करिअर मार्गदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से एमएससी (रसायनशास्त्र) तथा बीएससी की छात्राओं को NSDC द्वारा मार्गदर्शन प्रदान करना ।

**मुख्य बिन्दु:** छात्राओं को विशिष्ट कौशल एवं ज्ञान प्रदान करना जो उन्हें अपने करिअर में सफल होने में मदद करेगा ।

- NSDC द्वारा छात्राओं को नौकरी प्लैस्मन्ट सहायता प्रदान करना ।
- NSDC का का उद्देश्य छात्राओं को सही छात्राओं को पाठ चुनने में मदद करना जो उनकी रुचियों तथा छमताओं के अनुसार हो ।

**परिणाम:** करिअर मार्गदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से एमएससी (रसायनशास्त्र) तथा बीएससी की छात्राओं को NSDC द्वारा प्रदान जानकारी अपने करिअर में सफल होने में मदद करेगा ।

उपरोक्त कार्यक्रम में छात्राओं ने अधिक संख्या में अपनी भागीदारी दी । कार्यक्रम की अध्यक्षता तथा मंच संचालन श्री आकाश साहू ने किया ।






GPS Map Camera
Dhamtari, Chhattisgarh, India
Dulari Nagar Gali No. 1, Dhamtari, Chhattisgarh 493776, India
Lat 20.678917° Long 81.55945°
28/02/2025 02:08 PM GMT +05:30
Google

